## महत्वपूर्ण एवं खास

### उत्तर पश्चिम से आ रही गर्म हवाएं,राज्य के बढ़ेगी गर्मी

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के ज्यादातर जिलों में मार्च महीने की शुरुआत से ही गर्मी बढ़ती जा रही थी। मार्च का महीना खत्म होने में अभी कुछ दिन बचा हुआ है और अधिकतम तापमान 37 डिग्री से लेकर 41 डिग्री के आसपास पहुंच गया है. मौसम विभाग ने आने वाले महीने में अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना जताई है. रायगढ़ में सबसे अधिक तापमान रविवार को 40.9 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि 'प्रदेश में उत्तर पश्चिम से गर्म और शुष्क हवा आ रही है. दक्षिण छत्तीसगढ़ में दक्षिण से नमी युक्त अपेक्षाकृत ठंडी हवा आ रही है. जिसके कारण अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है. न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है. बस्तर संभाग में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। लेकिन अधिकतम तापमान वृद्धि का ट्रेंड बनने की संभावना भी बनी हुई है।

### मिक्सचर फैक्ट्री में लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू

जशपुर, 28 मार्च (आरएनएस)। पत्थलगांव के गोढ़ीकला स्थित मनीष फू ड प्रोडक्ट के नए प्लांट में सोमवार तडक़े शार्ट सर्किट की वजह से भीषण आग लग गई. आग लगने से करोड़ों की मशीन जलकर खाक हो गई. आग पर लगभग 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया जा सका। पत्थलगांव के गोढ़ीकला स्थित मनीष फूड प्रोडक्ट के नए प्लांट में भीषण आग लगने से करोड़ों रुपये की आधुनिक तकनीक की मशीनें जलकर खाक हो गई है। इस प्लांट के चौथी मंजिल पर अचानक आग की लपटें देख कर चौकीदार ने घटना की सूचना दी थी. घटना के समय प्लांट में काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे, लेकिन हादसे में किसी के भी घायल और जनहानि की घटना नहीं हुई है। इस आग से चार मंजिला इमारत का आधा हिस्सा भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है।

### लगातार 7 वें दिन छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर डटे हुए

**नगरी (आरएनएस)।** लगातार सातवां दिन छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के बैनर तले धमतरी जिले के वनकर्मी भी अपने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर गांधी मैदान धमतरी में संघर्षरत है। वनकर्मियों के आंदोलन में जाने से प्रदेश के सभी जिलों के जंगलों के काफी क्षेत्र में आग लगने की घटना लगातार बढ़ती जा रही है जिससे जंगलों में वन्य प्राणियों की आवाजाही ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रही है वन्य प्राणियों की मृत्यु की घटना की खबर आए दिन सुनने में मिल रही है अवैध कटाई अवैध निकासी जैसे वन अपराध की घटनाएं भी देखने सुनने को मिल रही है विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिली है कि वनकर्मियों की 12 सूत्रीय मांगों में से कुछ मांग पर सहमति बन चुकी है लेकिन हमारी प्रमुख मांग वेतनमान 3050/- वर्ष 2003 से लागू करना एवं ग्रेड पे का मांग के अनुरूप करना इस पर सहमति अभी शेष है जिसके चलते वन कर्मचारी संघ लगातार संघर्षरत है और जब तक समस्त मांगे पूरी नहीं होती वन कर्मी संघर्षरत रहेंगे। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी चंदा हाथियों का दल धमतरी जिले के वन क्षेत्रों में प्रवेश कर चुका है वन कर्मियों की हड़ताल में रहने से कभी भी जनहानि एवं फसल हानि की संभावना बनी हुई है। शासन - प्रशासन तत्काल वनकर्मियों की मांगों को पूरा करें जिससे वन कर्मी अपने क्षेत्रों में रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें तथा इसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# कोलड्रिंक में नशीली दवा मिलाकर महिला मित्र से दुष्कर्म

**❑ आरोपी के ब्लैकमेलिंग से परेशान थी महिला, कोतवाली पुलिस ने 12 घंटे के भीतर पतासाजी कर किया गिरफ्तार**



रायगढ़। थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ क्षेत्र की महिला के साथ उसके मित्र द्वारा कोल ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया और इस दौरान युवक उसके अंतरंग फोटो लेकर उसे ब्लैकमेलिंग करने लगा। आरोपी के ब्लैकमेलिंग और लोकलाज के डर से महिला रेल्वे ट्रैक पर सुसाइड करने का प्रयास की जिसे पुलिसकर्मी बचाये और समझाये। तब दिनांक 27.03.2022 को पीड़ित महिला थाना कोतवाली में आरोपी पर कार्रवाई के लिये आवेदन दिया गया। संवेदनशील मामले में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर अपराध कायमी के 12 घंटे के भीतर कोरबा फरार हुये आरोपी की गिरफ्तारी के लिये स्टाफ कोरबा भेजा गया, स्टाफ द्वारा आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसे आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

पीड़ित महिला बताई कि माह सितम्बर 2021 में ट्रेन में कोरबा के राजू राजपूत से जान परिचय हुआ था, इस दौरान राजू राजपूत को अच्छे परिवार का और सज्जन व्यक्ति समझकर मोबाइल नम्बर मांगने पर अपना मोबाईल नम्बर दी थी। दोनों एक दूसरे से मोबाइल पर सामान्य बातचीत करते थे। दिनांक 18.02.2022 को राजू राजपुत फोन कर बोला कि रायगढ़ निजी काम से आया है, मिलकर वापस चला जावेगा। तब उससे मिलने संजय मैदान गई, थोड़ी देर संजय मैदान में बात करने के बाद राजू राजपूत बोलाकि बहुत धुप है, होटल चलते हैं, वहां बैठकर कोल ड्रिंक पियेंगे, उसके बाद तुम घर चले जाना और कोरबा निकल जाउंगा बोला। तब पास ही के एक होटल में गये। होटल के कमरे में बिठाने के बाद राजू राजपुत कोल ड्रिंक लेने के लिए चला गया, थोड़ी देर बात कोल ड्रिंक लेकर आया जिसका ढक्कन पहले से ही खुला हुआ था जिसे पीने के लिए दिया तथा दूसरा कोलड्रिक खुद पीया। कोलड्रिंक पीने के कुछ समय बाद होश नहीं रहा, जब होश आया तो निवस्त्र थी, राजू राजपुत बलात संभोग किया था।

उसके बाद फौरन घर आयी, लोक लाज के डर से पति और घरवानों को नहीं बताई। जिसके बाद से राजू राजपुत कई बार कॉल करता धमकाता और गाली गलौच करता था। उसका फोन नहीं उठाने पर दूसरे दूसरे नम्बर से फोन करता था। दिनांक 23.03.2022 को फिर राजू राजपुत का फोन आया जो दिनांक 24.03.2022 को मिलने के लिए बुलाया, जिसे मना की तो दोनों के फोटो को इंटरनेट में वायरल कर देगा और पति को भेज देगा कहकर दबाव बनाया। तब दिनांक 24.03.2022 को उससे मिलने के लिए संजय मैदान गई, वह संजय मैदान से फिर दूसरे होटल गया। जहां फिर इच्छा के विरूद्ध राजू राजपूत बलात संभोग किया। उसके हरकतों से जीने की इच्छा खत्म हो चुकी थी, तब आत्महत्या करने के लिये रेल्वे स्टेशन की ओर भागी और जहां प्लेट फार्म नम्बर -3 में पुलिसवालों ने आत्महत्या करने से रोका और समझाये। इस बीच महिला के पति का पति थाने में गुशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने थाना कोतवाली पहुंचा था, महिला के पति को घटना की जानकारी देकर समझाये और महिला को सौंपा गया। दिनांक 27.03.2022 को महिला द्वारा घटना के संबंध में लिखित आवेदन आरोपी राजू राजपूत पर कार्रवाई के लिये दिया गया जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुये थाना प्रभारी कोतवाली मनीष नागर द्वारा स्टाफ को आरोपी की गिरफ्तारी के लिये कोरबा रवाना किया गया। कोतवाली स्टाफ द्वारा कोरबा में कई जगह आरोपी की पतासाजी कर आरोपी राजू राजपूत उर्फ विक्की पिता स्व. रघुराज राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी मेन रोड़ दर्री थाना दर्री जिला कोरबा को कोरबा से हिरासत से लेकर रायगढ़ लाया गया जिसे आज दिनांक 28.03.2022 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

आरोपी पतासाजी, गिरफ्तार में थाना कोतवाली के उप निरीक्षक नंदलाल पैंकरा के नेतृत्व में उप निरीक्षक आर.एस. तिवारी, महिला प्रधान आरक्षक समुंद रनकर, आरक्षक पुष्पेन्द्र जाटवर, उत्तम सारथी की अहम भूमिका रही है।

## मवेशियों को ओड़िशा ले जा रही पिकअप वाहन जब्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

**❑ चौकी जूटमिल की कार्रवाई**



**रायगढ़।** दिनांक 27-28/03/2022 की रात्रि गस्त दौरान चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक उत्तम साहू के नेतृत्व में स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर पिकअप वाहन में कृषिधन मवेशियों को ओड़िशा लेकर जा रहे दो आरोपियों को बडमाल बेरियर के पास पकड़ा गया था। पुलिस द्वारा वाहन से 6 कृषक मवेशियों को मुक्त कराया गया। आरोपी पिकअप वाहन OD 14 N-9028 का चालक उपेन्दर मिश्रा पिता भोला मिश्रा उम्र 54 वर्ष निवासी सेक्टर 20 मिश्रा खटाल राउलकेला थाना सेक्टर 19 राउलकेला जिला सुंदरगढ उडिसा तथा पिकअप में मौजूद ड्रायवर का साथी कुसु यादव पिता दादु लाल यादव उम्र 35 साल साकिन छातामुडा चौकी जूटमिल वाहन के भीतर मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरकर ओड़िशा से बूचड़खाने लेकर जा रहे थे। चौकी प्रभारी जूटमिल टीआई उत्तम साहू द्वारा दोनों आरोपियों को मय वाहन एवं मवेशियों के चौकी लाया गया। दोनों आरोपियों पर थाना कोतवाली (चौकी जूटमिल) में छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 04,06,10 एवं पशुओं के प्रति क्रुरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(घ) के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को रिमांड बाद जेल दाखिल किया गया है।

चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक उत्तम साहू के साथ कार्रवाई में प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी, आरक्षक जितेन्द्र दुबे, प्रदीप मिंज, गणेश सिंह की अहम भूमिका रही है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न





**रायगढ़।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, रायगढ़ के सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी सुनील कुमार गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय के रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत सातवें दिन ग्राम बादपाली में जैविक खेती के महत्वपूर्ण घटक वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन के लिए वर्मी बेड़ का निर्माण करके कंपोस्टिंग की प्रक्रिया को स्वयं सेवकों द्वारा संपादित कर गाँव के कृषकों के बीच प्रदर्शित किया गया। शिविर के छठवें दिन वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया एवं लगातार सात दिवस के इस शिविर में कृषि महाविद्यालय एवं अनु.केंद्र, रायगढ़ के विभिन्न विषय-विशेषज्ञों द्वारा कृषकों एवं विद्यार्थियों को कृषि से संबंधित समस्या और उनके निदान के बारे में बताया गया। स्वयं सेवकों द्वारा प्राचीन एवं पारम्परिक खेलों व लोक संस्कृति को बरकरार रखने के लिए शिविर के प्रत्येक दिन सायंकाल में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिविर के अंतिम दिन 27 मार्च की गाँव में प्रात: कालीन योगा एवं प्रभात फेरी किया गया गया। सायं काल में समापन समारोह का कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया जिसमें महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ.ए.के. सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए एनएसएस के महत्वों के बारे में विद्यार्थियों को बताया एवं उनके उत्साहवर्धन के रूप में प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार वितरण किये। महाविद्यालय के आनु.एवं पादप प्रजनन वैज्ञानिक डॉ. श्रिकांत साँवरगाँवकर, उद्यानिकी की सहायक प्राध्यापिका डॉ.श्रीमती सरिता अग्रवाल, पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन के सहायक प्राध्यापक डॉ.ब्रिजेश पटेल, शस्य विज्ञान के सहायक प्राध्यापक संदीप पैंकरा, अतिथि शिक्षक के रूप में डॉ. योगेश कोसरीया, कैम्प संरक्षिका के रूप में शिवांगिनी साहू, सौरभ कुमार सिन्हा, पंचायत के पंच एवं गाँव के महिला एवं पुरुष भारी संख्या में उपस्थित रहें। समापन समारोह के अंत में मृदा विज्ञान के सहायक प्राध्यापक एवं एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी जी.आर.राठिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कृषकों के लिए विभिन्न लाभकारी कृषि कार्यक्रमों को लगातार जारी रखने की बात कहकर सात दिवसीय विशेष शिविर के समाप्ति की घोषणा की गई।

## कौशल विकास योजनान्त्रत अनुसूचित जाति वर्ग के युवक-युवतियों को दिया जाएगा नि:शुल्क प्रशिक्षण

**❑ इच्छुक आवेदक 31 मार्च तक कर सकते है आवेदन जमा**



**रायगढ़।** कौशल विकास योजना के माध्यम से प्रदेश के अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को रायपुर एवं दुर्ग के प्रशिक्षण केन्द्रों में विभिन्न ट्रेडों में नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आगामी 31 मार्च 2022 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। अनुसूचित जाति वर्ग में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले इच्छुक युवक-युवतियां कार्यालयीन समय में 31 मार्च तक कार्यालय कलेक्टर जिला अत्यावसायी सहकारी विकास समिति, रायगढ़ कक्ष क्रमांक 94 में अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्राप्त कर कार्यालय जमा कर सकते हैं।

ज्ञात हो कि प्रदेश के अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों का चयन कर कौशल विकास के माध्यम से प्रशिक्षण सह नियोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रसायन व उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार की संस्था सिपेट एवं एम.एस.एम.ई.दुर्ग के प्रस्ताव निगम मुख्यालय रायपुर को मिले है। उनके द्वारा प्रस्तावित लघु अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम की विभिन्न ट्रेडों में रायपुर एवं दुर्ग के प्रशिक्षण केन्द्रों में नि:शुल्क आयोजित किए जाएंगे, साथ ही आवास और भोजन की व्यवस्था प्रशिक्षणार्थियों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। सिपेट रायपुर द्वारा मशीन ऑपरेटर-सीएनसी लेथ के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10 वी उत्तीर्ण बेरोजगार युवक-युवतियों का प्रशिक्षण तीन माह का होगा। इसी तरह मशीन ऑपरेटर प्लास्टिक प्रोसेसिंग के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8 वी उत्तीर्ण का भी प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन माह की अवधि निर्धारित है। एम.एस.एम.ई. दुर्ग के द्वारा सर्टिफिकेट कोर्स इन सीएनसी टर्निंग और सर्टिफिकेट कोर्स इन मिलिंग का भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इन ट्रेडों के लिए रायगढ़ जिले को 10 का लक्ष्य मिला है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, रायगढ़ के प्रभारी कार्यपालन अधिकारी से संपर्क कर सकते है।

### महिला सहकर्मी से दुष्कर्म कर किया ब्लैकमेल, बैंककर्मी गिरफ्तार

**बिलासपुर (आरएनएस)।** बर्थ डे पार्टी में अपनी महिला सहकर्मी को कोल्डड्रिंक में नशीली दवा पिलाकर दुष्कर्म करने तथा महिला का अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर दो लाख रूपए ले लेने के मामले में पुलिस ने बैंककर्मी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाली 34 वर्षीय महिला ने इसकी शिकायत सिविल लाईन थाने में दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि व प्राइवेट बैंक में काम करती है। इस दौरान साल 2020 में बैंककर्मी राजीव श्रीवास्तव से उसकी पहचान हुई। महिला ने 2 साल पहले अपने जन्मदिन की पार्टी में उसे बुलाया था। जहां उसने महिला के कोल्डड्रिंक में नशीली दवा मिला दी, फिर उसके साथ दुष्कर्म किया और इसका वीडियो बना लिया था। इसके बाद आरोपी वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर महिला से रूपए मांगने लगा।

## महिला के साथ बल पूर्वक दुष्कर्म करने वाला आरोपी गया जेल, घरघोड़ा थानाक्षेत्र का मामला


**रायगढ़।** दिनांक 26.03.2022 को थाना घरघोड़ा में थानाक्षेत्र की महिला ग्राम कुडुमकेला घरघोड़ा के सोहन महंत के विरूद्ध दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराने आयी। महिला बताई कि दिनांक 26.03.2022 के सुबह भोर करीब 04.00 बजे ग्राम कुडुमकेला घरघोड़ा का सोहन महंत घर आकर बलपूर्वक घर से खींचते उठाकर अपने मोटर सायकल में बिठाकर कुडुमकेला और ग्राम पुरी के बीच खेत तिकरा में ले जाकर बलात संभोग किया और उसके बाद सोहन महंत घटना किसी को नहीं बताने की धमकी देकर चप्पल से मारपीट किया है। महिला के रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में धारा 365,323,506,376 IPC का अपराध आरोपी सोहन महंत पर दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी घरघोड़ा द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर स्टाफ के साथ आरोपी गिरफ्तारी के लिये उसके घर जाकर दबिश दिया गया जो घटना के बाद से फरार था जिसकी सूचना देने थाना प्रभारी द्वारा गांव आसपास मुखबिर लगाये गये थे जिन्होनें दूसरे दिन दिनांक 27.03.2022 को आरोपी को गांव में देखे जाने की सूचना पर तत्काल घरघोड़ा स्टाफ आरोपी सोहन दास महंत पिता सूरज दास महंत उम्र 38 साल निवासी ग्राम कुडुमकेला थाना घरघोड़ा को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिससे पूछताछ कर आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सीजी 13 एए 7780 को जप्त कर आरोपी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया बाद आरोपी को जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया है।

## रायपुर में होने वाले क्षेत्रीय सरस मेला में कई राज्यों की भागीदारी

**❑ 29 मार्च से 7 अप्रैल तक आयोजित मेला में 'बिहान' की महिला स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित प्राकृतिक उत्पादों की प्रदर्शनी के साथ होगी बिक्री**

**❑ सरस मेला में कई राज्यों के उत्पाद देख और खरीद सकेंगे लोग**



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत गठित महिला स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी और विक्रय के लिए रायपुर के पंडरी हाट में क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 29 मार्च से 7 अप्रैल तक चलने वाले इस दस दिवसीय मेले में छत्तीसगढ़ के साथ ही कई राज्यों के ग्रामीण समुदायों द्वारा निर्मित सामग्रियों की बिक्री और प्रदर्शन किया जाएगा। मेला में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के फूड स्टॉल में लोग स्थानीय व्यजंनों का लुत्फ उठा सकेंगे। मेलास्थल में शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी। 'बिहान' के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं द्वारा उत्पादित व निर्मित प्राकृतिक उत्पादों के प्रोत्साहन और विक्रय के लिए आयोजित इस मेला में लोग प्रतिदिन सवेरे 11 बजे से रात नौ बजे तक प्रदर्शनी, खरीदी, छत्तीसगढ़ी व्यंजनों तथा सांस्कृतिक संध्या का आनंद ले सकेंगे।

राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गांवों की समृद्धि और रोजगार के लिए संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन - 'बिहान' योजना के अंतर्गत इस क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला में 'बिहान' के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में गठित महिला स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित कई विशिष्ट जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी-सह-विक्रय की व्यवस्था रहेगी। कोसा, सिल्क, खादी, हैण्डलूम, बैलमेटल, टेराकोटा, बांस, काष्ठ शिल्प इत्यादि उत्पाद बिक्री और प्रदर्शनी के लिए उपलब्ध रहेंगे। प्रदेश के विभिन्न जिलों से रसायन मुक्त विशेष उत्पादों जैसे सुगंधित चावल, ब्लैक राइस, मसाले, तेल, वनोपज आधारित दुर्लभ उत्पाद, शहद इत्यादि की मेला में बिक्री की जाएगी। क्षेत्रीय सरस मेला में असम, गुजरात, मध्यप्रदेश, ओड़िशा, उत्तरप्रदेश और राजस्थान सहित अनेक राज्यों के ग्रामीण समुदायों द्वारा उत्पादित उत्कृष्ट उत्पाद भी प्रदर्शनी-सह-विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## भाजपा महिला मोर्चा ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर गैंगरेप के अपराधियों को फांसी की सजा देने की मांग शासन से की

**सूरजपुर (आरएनएस)।** भाजपा के आह्वान पर भाजयुमो व महिला मोर्चा शहर मंडल सूरजपुर द्वारा संयुक्त रुप से पैदल मार्च कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया7अग्रसेन चौक से सुभाष चौक कोतवाली थाना होते हुए अग्रसेन चौक पर पीड़ित बेटी को श्रद्धांजलि दी गई, दोषी हत्यारों को फांसी दो-फांसी दो, जरही की बेटी को न्याय दो-न्याय दो, बेटी के हत्यारों को फांसी दो-फांसी दो के नारों के साथ पैदल मार्च किया गया, साथ ही पीड़ित परिजनों को 50 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग रखी गई। बेटी इंप्रेसी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कैंडल जलाकर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए इस घटना की कड़ी निंदा की गई गौरतलब है कि जरही मे हुए किशोरी की हत्या के घटना के संबंध में बयान जारी करते हुए भाजपा जिला महामंत्री राजेश महलवाला, जिला कोषाध्यक्ष थलेश्वर साहू, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल के द्वारा संयुक्त रूप बयान जारी कर कहा कि सूरजपुर जिले के जरही में हुई घटना की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं एवं सरकार से पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये मुवावजा देने एवं घटना की सीबीआई से जांच करवाने की मांग करते हैं तथा संलिप्त अन्य दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए7 प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा की लगातार प्रदेश में बलात्कार, हत्या, लूट, चाकू बाजी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल हो गई है मां, बहन, बेटियों के सुरक्षा व सम्मान में लगातार लापरवाही हो रही है पुलिस की कार्यप्रणाली भी अस्पष्ट है अपराधी निरंकुश हो गए हैं।

युवा मोर्चा अध्यक्ष किसन देवांगन व महिला मोर्चा अध्यक्ष सरोज साहू ने कहा कि इस घटना पर स्थानीय मंत्री का व्यवहार निंदनीय है एक तरफ जंहा सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग छात्रा को श्रद्धांजलि देने एकत्रित थे तो वंही शिक्षा मंत्री माला पहनने व कव्वाली का आनंद उठाने में मशगूल थे। मंत्री का काफिला जरही से गुजरने पर भी पीड़ित परिवार से मिलने का समय नही निकल पाए जो सरकार और उनके मंत्री का असंवेदनशील चेहरा उजागर हो गया है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला महामंत्री राजेश महलवाला, जिला कोषाध्यक्ष थलेश्वर साहू, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल, पूर्व जिला मंत्री शशिकांत गर्ग,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शांति सिंह , महामंत्री अरविंद मिश्रा, राजेश साहू, भोला शंकर साहू, लाल साय विश्वकर्मा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरोज साहू, विक्की सोनवानी, त्रिपुरारी साहू, बजरंग राजवाड़े, भुनेश्वर साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष किशन देवांगन, भाजयुमो शहर महामंत्री संस्कार अग्रवाल, प्रीतम सोनी, उपाध्यक्ष संजू सोनी, प्यारे साहू, मंत्री राकेश महाराज, दिलीप साहू, विक्की रवि, सलमान खान, प्रमोद तायल देवमुनिया साहु, अनिता मिश्रा, कन्याकुमारी, अनिता गुप्ता, सुनीता साहू ,प्रेमता साहू मिना राजवाड़े, गीता साहू,सहित काफी संख्या में भाजपा, भाजयुमो, महिला मोर्चा, पिछड़ा वर्ग आदि प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता उपस्थित थें।

लटोरी में भी कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दिया गया

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रविंद्र भारती ने कहा कि इस प्रकार की दर्दनाक घटना ने जिलेभर को झकझोर के रख दिया है ऐसी स्थिति में हत्यारे को सजा के लिए कदम से कदम मिलाकर के खड़े हैं कि ऐसे दुस्साहस करने वाले को कड़ी से कड़ी सजा फांसी दी जाए और रविंद्र भारती ने समाचार में चल रहे की हत्यारा भाजपा का सदस्य था इस बात का खंडन करते हुए कहा कि बाबा खान भाजयुमो का सदस्य नहीं है इस कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला के अध्यक्ष रविंद्र भारती भाजयुमो जिला पदाधिकारी दीपेंद्र दुबे धनकुमार पैकरा महिला मोर्चा जिला महामंत्री नूतन विश्वास युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरेश सोनी शोशल मीडिया जिला प्रभारी दुष्यंत तिवारी सुरजीत कुमार हरिनंदन उमाशंकर जीतू मानिकपुरी मनीष यादव अकाश मानिकपुरी सुखदेव यादव शिवकुमार गिरवर रामदिल संजय विनीत धन कुमार सूर्यनारायण प्रदीप कुमार शेखर दुबे टोपलाल राजा बलवंत सविता देवांगन सहित अन्य मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480